US – 120

II Semester B.B.A./B.H.M. Examination, May 2017
(CBCS) (Fresh)
(2016-17 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – II
Kavitha, Vanijyapatra, aur Anuvad

Time : 3 Hours

Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : **(10×1=10)**

1) बिहारी के अनुसार प्रयाग कहाँ है ?

2) तुलसी के अनुसार कोटी संकट किसके न होने से होते हैं ?

3) कहाँ की धूल चरण चूमने की ललक ललचाती है ?

4) जीवन को सफल बनाने के लिए सदा किसमें निरत होना है ?

5) रण की समाप्ति से पहले ही किसके तूणीर रिक्त हुए ?

6) महादेवी वर्मा के अनुसार किसका नर्तन सुंदर है ?

7) किसके स्पर्श से आलोक निनादित हो उठता है ?

8) युद्ध का डंका बजने पर भी कौन सा झंडा झुकने नहीं देंगे ?

9) हर आदमी की रगों में क्या छिपी होती है ?

10) 'जीवन संदेश' कविता के कवि कौन है ?

II. अ) किसी **एक** का सप्रसंग भावार्थ लिखिए : **(1×6=6)**

सो जननी, सो पिता, सोइ भाइ, सो भामिनि, सो सुतु, सो हितु मेरो ।
सोइ सगो, सो सखा, सोइ सेवकु, सो गुरु , सो सुरु साहेबु चेरो ।।
सो 'तुलसी' प्रिय प्रान समान, कहाँ लौं बनाइ कहौं बहुतेरे ।
जो तजि देहको, गेहको नेहु, सनेहसों रामको होइ सबेरो ।।

**अथवा**

कोटि जतन कोऊ करै, परै न प्रकृतिहिं बीच ।
नल बल जल ऊँचो चढै, तऊ नीच को नीच ।

P.T.O.

आ) किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (1×6=6)

किसी को भी सताना
पाप सचमुच में समझते हैं ,
नहीं हम व्यर्थ में पथ में
किसी से जा उलझते हैं !

**अथवा**

दृढ़ व्रत और दुर्दम साहस के
जो उदाहरण थे मूर्ति–मन्त:
पर निरवधि बन्दी जीवन ने
जिनकी धुन का कर दिया अन्त !

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर विशेषताएँ लिखिए : (1×12=12)

1) बुद्धदेव ।

2) हिमाद्रि ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) उनको प्रणाम ।

2) बिजलियाँ गिरने नहीं देंगे ।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : (2×10=20)

1) व्यवस्थापक, राजकमल प्रकाशन, बेंगलूरु – 1 की ओर से महाप्रबन्धक, जीवन बीमा निगम, एन. आर. रोड, बेंगलूरु को आग की दुर्घटना से हुई क्षतिपूर्ति का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए ।

2) गीता प्रकाशन मैसूर –6 की ओर से अनिल पुस्तक केन्द्र, एम. जी. रोड, कोलार को पिछली बिल का भुगतान तुरन्त करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए ।

3) खराब संवेष्ठन (पेकिंग) के कारण हुई क्षति की शिकायत करते हुए विडियोकान टी. वि. कंपनी, पूना – 2 के नाम पत्र लिखिए ।

VI. निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **(10×1=10)**

1) Panel
2) Quotation
3) Raid
4) Raw material
5) Sale deed
6) Scarcity
7) Target
8) Unauthorized
9) Validity
10) Recruitment.

---